हरिभूमि

जींद-कैथल भूमि

रोहतक, शुक्रवार 2 अक्टूबर 2026

तापमान

अधिकतम 34 .0 डिग्री से.
न्यूनतम 22 .0 डिग्री से.

12 पात्रों को योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके...



12 बरसात के बाद जलभराव से दु:खी लोगों को मिलेगी राहत..



खबर संक्षेप

सील मकान का ताला तोड़ किया कब्जा, केस

जींद। भटनागर कालोनी में सील की गई संपत्ति का ताला तोड़ कर कब्जा करने पर शहर थाना पुलिस एक व्यक्ति का नामजद कर कुछ अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। स्माल बैंक करनाल के विकास ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि भटनागर कालोनी निवासी रमेश की संपत्ति को डीसी अदालत ने गत तीन जुलाई को सील किया था। रमेश तथा कुछ अन्य सील को तोड़ कर मकान पर कब्जा कर लिया। पुलिस ने शिकायत पर रमेश को नामजद कर अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

चार टन तार चोरी मामले में महिला गिरफ्तार

जींद। सीआइए स्टाफ जींद ने बिजली सामान चोरी मामले में एक और महिला आरोपित को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 20 हजार रुपये बरामद किए हैं। गिरफ्तार महिला आरोपित की पहचान गगनखेड़ी निवासी सीमा के रूप में हुई है। सीआइए स्टाफ के इंचार्ज निरीक्षक यादवेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस चौकी टेंडरी मोड़ जींद में राजपुरा निवासी अनिल ने शिकायत दी थी कि उसका रामराये बस स्टैंड के पास बिजली का सामान रखने के गोदाम से करीब चार टन सिल्वर की बिजली तार चोरी हो गई।

काम पर गई महिला संदिग्ध हालात में लापता

जींद। बुढाबाबा बस्ती से महिला के संदिग्ध हालात में गायब होने पर शहर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बुढा बाबा बस्ती निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 29 सितंबर को उसकी पत्नी विकास नगर मे गई थी। जिसके बाद वह वापस नही लौटी। तलाशने करने पर उसकी पत्नी का सुराग नही लगा। थाना पुलिस ने व्यक्ति की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

संदिग्ध हालात में युवती लापता, मामला दर्ज

जींद। भूपेंद्र नगर से युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर शहर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। भूपेंद्र नगर निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 24 सितंबर को उसकी बेटी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी बेटी का कोई सुराग नही लगा। शहर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पोल्ट्री फार्म संचालक की कार से 1.85 लाख चोरी

कैथल। गांव कौल में पोल्ट्री फार्म संचालक की कार से 1 लाख 85 हजार रुपये चोरी होने का मामला सामने आया है। संचालक की शिकायत पर ढांड थाना पुलिस ने फार्म पर काम करने वाले नेपाली युवक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव कौल निवासी शुभम कुमार ने पुलिस को बताया कि उसके खेतों में पोल्ट्री फार्म है। करीब चार साल पहले नेपाल निवासी विकास काम की तलाश में आया था, जिसे उसने फार्म पर नौकरी पर रख लिया। बाद में विकास अपने पिता और भाई को भी वहां ले आया और तीनों फार्म पर ही रहने लगे।

आरोपी से बारह बोतल हथकढ़ी शराब बरामद

कैथल। जिला पुलिस द्वारा नशा एवं अवैध शराब की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में पुलिस चौकी रामथली की टीम ने एक आरोपी को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस चौकी रामथली के एस पी ओ हरप्रीत सिंह व एचसी हरजीत की टीम द्वारा एक गुप्त सूचना मिलने उपरांत गांव खरका से थेह खरक रजवाहे पर नाकाबंदी की। नाकाबंदी के दौरान थेह खरक की तरफ से व्यक्ति हाथ में सफेद रंग की प्लास्टिक कैनी लेकर पैदल आता दिखाई दिया।

विद्यार्थियों के लिए अक्टूबर माह का मिड-डे मील मेन्यू जारी

■ कढ़ी, पकोड़ी व चावल, मिलेट परांठा, दही, सोया खिचड़ी, मीठा दलिया शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पहली से 8वीं कक्षा तक पढ़ने वालों को दोपहर का भोजन उपलब्ध कराया जा रहा

जिले के राजकीय विद्यालयों में पढने वाले पहली से आठवीं कक्षा तक के 54917 विद्यार्थियों के लिए अक्टूबर माह का मिड डे मील मेन्यू जारी कर दिया गया है। नए मेन्यू में विद्यार्थियों को अलग-अलग दिन पौष्टिक और विविध प्रकार के व्यंजन परोसे जाएंगे। वीरवार से विद्यार्थियों को नए मेन्यू के अनुसार भोजन मिलना शुरू हो चुका है। इसमें कढ़ी, पकौड़ी व चावल, मिलेट परांठा, दही, सोया खिचड़ी, मीठा दलिया, चावल सफेद चना, चना दाल खिचड़ी और मिक्स परांठा दही शामिल किए गए हैं। पूरे महीने में अलग-अलग दिन के हिसाब से विद्यार्थियों को भोजन परोसा जाएगा। इसमें दाल, चावल, रोटी, मूंग मसूर दाल, मौसमी सब्जी, मीठी मूंगफली चावल और नमकीन दलिया के अलावा गेहूं, रागी का पूड़ा, सब्जी पुलाव, काला चना, राजमहा चावल, गुड़ रोटी व दही और मिलेट परांठा, दही भी मेन्यू का हिस्सा हैं। जिले में राजकीय विद्यालयों में पहली से आठवीं कक्षा तक पढ़ने वाले विद्यार्थियों को दोपहर का भोजन उपलब्ध कराया जाता है। योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों से आने वाले बच्चों को विद्यालय में पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करने के साथ उन्हें पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना है। भोजन में अलग-अलग खाद्य पदार्थ शामिल किए जाने से विद्यार्थियों को आवश्यक पोषक तत्व मिल सकें और उनके स्वास्थ्य का भी ध्यान रखा जा सके।



जींद। मिड डे मील खाते हुए बच्चे। फोटो : हरिभूमि

पहली से आठवीं कक्षा तक 54917 विद्यार्थी

जिलेभर के राजकीय स्कूलों में पहली से आठवीं कक्षा में 54917 विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इसमें से पहली कक्षा में 5537, दूसरी कक्षा में 5888, तीसरी कक्षा में 5218, चौथी कक्षा में 5226, पांचवीं कक्षा में 7251, छठी कक्षा में 7938, सातवीं कक्षा में 8753 व आठवीं कक्षा में 9106 विद्यार्थी शामिल हैं।

मेन्यू के हिसाब से परोसा जाएगा भोजन

दिन के हिसाब से विद्यार्थियों को भोजन परोसा जाएगा

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी महेंद्र सिंह ने बताया कि राजकीय स्कूलों में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अलग-अलग स्कीम के तहत योजनाएं चलाई जाते हैं। इसमें सुपर 100, मिशन बुनियाद व मिड डे मील जैसी योजनाएं शामिल हैं। राजकीय कक्षा के आठवीं तक की पढ़ाई करने वाले छात्रों को दोपहर के समय स्कूल में मिलने वाले भोजन के मेन्यू की नई सूची जारी कर दी गई हैं। अब इसी मेन्यू के हिसाब से विद्यालयों में भोजन परोसा जाएगा।

युवती को चकमा देकर कैशियर से रकम ले उड़ा शख्स

सीसीटीवी में कैद हुई पूरी वारदात

एसबीआई में युवती के साथ सवा लाख रुपये की ठगी

युवती को बातों में उलझाकर उसके वाऊचर में दर्ज खाता नंबर में हेरफेर किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



सफीदों के रेलवे रोड स्थित भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) में सवा लाख रुपये जमा करवाने पहुंची एक युवती के साथ ठगी का मामला सामने आया है। बैंक में मौजूद एक व्यक्ति ने कथित तौर पर युवती को बातों में उलझाकर उसके बाऊचर में दर्ज खाता नंबर में हेरफेर कर दिया। इसके बाद जब कैशियर ने खाता नंबर गलत बताया तो आरोपी ने युवती को दोबारा वाऊचर भरने के लिए पीछे भेज दिया। युवती के हटते ही आरोपी कैशियर से सवा लाख रुपये और गलत भरा हुआ बाऊचर लेकर बैंक से फरार हो गया। पूरी वारदात बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। मामले की शिकायत मिलने के बाद सिटी थाना पुलिस जांच में जुटी हुई है। गांव मुवाना निवासी पवन राणा ने बताया कि उसकी बेटी पायल अपने भाई के साथ सफीदों के रेलवे रोड स्थित एसबीआई शाखा में सवा लाख रुपये जमा करवाने आई थी। बैंक में पहुंचने के बाद पायल ने रकम जमा करवाने के लिए निर्धारित वाऊचर भरा। इसी दौरान बैंक में पास ही खड़ा मुंह ढके एक व्यक्ति उसके आसपास मौजूद था। आरोप है कि इसी व्यक्ति ने युवती को चकमा देकर वाऊचर में भरे गए खाते के अंकों में हेरफेर कर दिया। पायल ने जब भरा हुआ बाऊचर और सवा लाख रुपये कैशियर को दिए तो कैशियर ने वाऊचर में दर्ज खाता नंबर कंप्यूटर में दर्ज किया। कंप्यूटर में खाता नंबर गलत बताए जाने पर कैशियर ने युवती को इसकी जानकारी दी और बाऊचर में गलत नंबर होने की बात कही। इसी दौरान पास खड़े व्यक्ति ने युवती से कहा कि वह पीछे जाकर वाऊचर दोबारा भरकर ले आए। आरोप है कि युवती उसकी बात पर भरोसा करके दोबारा वाऊचर भरने के लिए पीछे चली गई। इसी दौरान कैश काउंटर के पास ही खड़े उक्त व्यक्ति कैशियर से सवा लाख रुपये तथा गलत भरा हुआ बाऊचर लेकर बैंक से बाहर निकल गया। घटना का पता लगते ही बैंक परिसर में हड़कंप मच गया। मामले की सूचना सफीदों पुलिस को दी। युवती की ओर से सिटी थाना पुलिस में शिकायत भी दी गई है। पुलिस बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि आरोपी की पहचान की जा सके।

आरोपी बैंक से फरार

बैंक से निकलने से पहले वह व्यक्ति एक बार युवती के पास भी गया और उसे कुछ बताकर वहां से चला गया। उस समय युवती को इस बात का अंदाजा नहीं था कि उसके साथ ठगी हो चुकी है। कुछ देर बाद जब पायल नया बाऊचर भरकर वापस कैश काउंटर पर पहुंची तो कैशियर ने उसे बताया कि सवा लाख रुपये तो उसके साथ खड़ा व्यक्ति लेकर जा चुका है। यह सुनते ही युवती के होश उड़ गए। उसने पीछे मुड़कर देखा, लेकिन तब तक आरोपी बैंक से फरार हो चुका था।

रंजिशन कार को मारी टक्कर, बाल-बाल बचे

तारीख भुगत जा रहा था, फायर का आरोप

■ पांच को नामजद कर छह अन्य के खिलाफ दर्ज किया मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अदालत में तारिख भुगत दोस्तों संग जा रहे युवक की गाड़ी को दो गाडिय़ों ने टक्कर मार दी। एक गाड़ी पर नंबर प्लेट नही थी। जबकि दूसरी गाड़ी पर अस्थायी नंबर प्लेट थी। घटना को अंजाम देने वालों पर फायर करने का भी आरोप है। सदर थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर पांच लोगों को नामजद कर छह अन्य के खिलाफ जानलेवा हमला करने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। गांव फफड़ाना निवासी अमन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके खिलाफ अदालत में मामला विचाराधीन है। गत 29 सितंबर को वह तारीख भुगत कर अपने साथियों के साथ कार से घर वापस जा रहा था। चाबरी टोल प्लाजा के निकट पीछे से आई ब्रेजा तथा स्कोर्पियो गाड़ी ने उसकी गाड़ी को टक्कर मार दी। आरोपितों ने अपने पास मौजूद असलहा से फायर भी किया। किसी तरह वह अपनी गाड़ी को निकाल नेशनल हाइव 152डी पर भगाने मे कामयाब हो गया। फिर घटना की सूचना सीआइए असंध को दी गई। दोनों गाडिय़ो के शीशे काले थे। ब्रेजा गाड़ी पर नंबर प्लेट नही थी। जबकि स्कोर्पियो गाड़ी पर अस्थायी नंबर प्लेट लगी हुई थी। घटना में उसकी गाड़ी को काफी नुकसान हुआ है। अमन ने आरोप लगाया कि दूसरे पक्ष ने उस पर मारने की नियत से हमला किया है। सदर थाना पुलिस ने अमन की शिकायत पर अनिल, राजेश, महेद्र,साहिल, नीरज को नामजद कर छह अन्य के खिलाफ हमला करने समेत विभिन्न भारतीय न्याय सहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



मामला दर्ज

सदर थाना के जांच अधिकारी सुधीर ने बताया कि आरोप लगाते हुए शिकायत दी थी। फिलहाल मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

मामलों को न्यायसंगत तरीके से निपटाएं

नरवाना। पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव बेरी वीरवार को नरवाना पहुंचे। न्यायमूर्ति संजीव बेरी के आगमन पर स्थानीय पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में जिला एवं सत्र न्यायाधीश पूनम सुनेजा, एडिशनल सिविल जज सीनियर डिवीजन संदीप कुमार, सिविल जज जूनियर डिवीजन अभिषेक वर्मा तथा सिविल जज जूनियर डिवीजन इकमजोत कौर ने स्वागत किया। इसके अलावा न्यायमूर्ति संजीव बेरी का पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह और उप मंडल प्रशासन की ओर से एसडीएम जगदीश चंद्र ने भी पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इसके अलावा न्यायमूर्ति संजीव बेरी को पुलिस के जवानों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। तत्पश्चात उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव बेरी ने नरवाना के न्यायिक परिसर का दौरा किया और परिसर में उपलब्ध व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं का जायजा लिया। न्यायमूर्ति संजीव बेरी ने बार एसोसिएशन के वकीलों से मुलाकात भी की और आवश्यक प्रबंधों की जानकारी ली।



जींद। जांच करते हुए टीम। फोटो :हरिभूमि

मानकों पर खरी उतरी स्कूल बसें, नही हुआ चालान

जींद। जिला परिवहन अधिकारी कार्यालय की टीम द्वारा वीरवार स्कूली बसों की जांच का अभियान चलाया गया। इस दौरान जींद क्षेत्र में तीन स्कूलों में 17 बसों की जांच हुई। सभी बसों में निर्धारित मानक पूरा होने पर कोई चालान नहीं किया गया। जबकि पिछले सप्ताह 24 सितंबर को दो स्कूलों में 16 बसों की जांच की हुई थी। एक बस में कैमरा नहीं मिलने पर 500 रुपये का चालान किया गया था। जबकि 17 सितंबर को जुलाना क्षेत्र के छह स्कूलों में 13 बसों की जांच की गई थी। परमिट, पीयूसी, एग्जट एड बाक्स नहीं मिलने पर 27 हजार रुपये का जुर्माना लगा कर बस को इंपाउंड किया गया था। सप्ताह में हर वीरवार को जिला परिवहन अधिकारी कार्यालय टीम स्कूली बसों की जांच को लेकर अभियान चलाती है। जांच के लिए चार सदस्यीय टीम का गठन किया गया है। जिसमें जिला परिवहन अधिकारी कार्यालय से इंस्पेक्टर, एमवीआई, ट्रैफिक पुलिस से सब इंस्पेक्टर व जिला शिक्षा अधिकारी से एक प्रतिनिधि को शामिल किया जाता है। जांच के दौरान बसों में सुरक्षा मानकों की जांच की जाती है। जिला परिवहन अधिकारी कार्यालय के इंस्पेक्टर बलजीत सिंह ने बताया कि स्कूली बसों की जांच के लिए हर वीरवार को अभियान चलाया जाता है। जांच के दौरान जो.जो कमियां पाई जाती हैंए उस आधार पर बसों का चालान किया जाता है। इस सप्ताह तीन स्कूलों में 17 बसों की जांच की गई थी। सभी मानक पूरा होने के कारण कोई चालान नहीं किया गया।

कल जींद आएंगे कांग्रेस प्रदेश प्रभारी व प्रदेशाध्यक्ष

उचाना। राजीव गांधी महाविद्यालय उचाना में 3 अक्टूबर को कांग्रेस के ब्लॉकस्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इससे पहले 25 सितंबर को प्रस्तावित सम्मेलन को कांग्रेस के प्रदेशभर में किए वोट चोरी मुद्दे को लेकर प्रदर्शन के चलते कार्यक्रम स्थगित किया था। अब सम्मेलन को लेकर कार्यकर्ताओं और नेताओं ने तैयारियां तेज कर दी हैं। बांगर की धरती पर होने वाले सम्मेलन में कांग्रेस के हरियाणा प्रभारी संजय दत्त, प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह कार्यकर्ताओं को संगठन को मजबूत करने तथा पार्टी की नीतियों को गांव-गांव और जन-जन तक पहुंचाने का संदेश देंगे। हाल के कांग्रेस ब्लॉक सम्मेलनों में भी प्रदेश नेतृत्व ने संगठन को ब्लॉक, मंडल और बूथ स्तर तक सक्रिय करने पर जोर दिया है। सम्मेलन में पूर्व केंद्रीय मंत्री चौ. बीरेंद्र सिंह, पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप शर्मा सहित कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं के शामिल होने की जानकारी आयोजकों द्वारा दी है। सम्मेलन में वरिष्ठ नेताओं के संबोधन को लेकर कार्यकर्ताओं में विशेष उत्सुकता बनी हुई है।

जेई के तबादले के विरोध में बिजली कर्मियों ने दिया धरना- नारेबाजी

तबादला आदेश रद्द होने तक जारी रहेगा विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद



राजौंद। जेई के तबादले के विरोध में धरना देते बिजली कर्मचारी।

हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्कर यूनियन (मुख्यालय भिवानी, रजिस्ट्रेशन नंबर 292) के आह्वान पर बिजली कर्मचारियों ने मंगलवार को एक्सईएन डिवीजन कार्यालय पुंडरी में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक रोष प्रदर्शन करते हुए धरना दिया। कर्मचारी पुंडरी नंबर-1 में कार्यरत जेई सुनील और जेई नरेश खटकड़ के तबादले का विरोध कर रहे थे।यूनियन पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि पुंडरी के विधायक सतपाल जांबा के हस्तक्षेप के बाद निगम प्रशासन द्वारा दोनों जेई का तबादला दूसरे सर्कल में कर दिया गया है। उन्होंने इसे अनैतिक बताते कहा कि कर्मचारियों पर गलत कार्य करवाने के लिए दबाव बनाया जा रहा था और दबाव के आगे नहीं झुकने के कारण उनके तबादले किए हैं। यूनियन के सचिव मुकेश कोटड़ा और अश्विनी ढांडा ने कहा कि जब तक दोनों जेई के तबादला आदेश रद्द नहीं किए जाते, तब तक कर्मचारियों का विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। विधायक और निगम प्रशासन के खिलाफ रोष जताते हुए कहा कि कर्मचारियों के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय सहन नहीं किया जाएगा।

एशियन गेम्स में गोल्ड विजेता पूजा हथवाला को मंत्री कृष्ण पंवार ने किया सम्मानित

खिलाड़ियों की मेहनत-लगन युवाओं के लिए प्रेरणादायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना



जुलाना। पूजा हथवाला को सम्मानित करते मंत्री कृष्ण पंवार। फोटो :हरिभूमि

एशियन गेम्स में कबड्डी चैंपियनशिप में भारत के लिए गोल्ड मेडल जीत कर क्षेत्र का नाम रोशन करने वाली खिलाड़ी पूजा हथवाला के गांव पहुंचने पर भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, खेल प्रेमियों और क्षेत्रवासियों ने पहुंच कर पूजा का फूलमालाओं से स्वागत किया और उसकी उपलब्धि पर खुशी जताई। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में पहुंचे मंत्री कृष्ण पंवार ने पूजा हथवाला को जीत की शुभकामनाएं देते कहा कि पूजा हथवाला हिंदुस्तान की शान है। उसने काबिल खेल का प्रदर्शन करते देश को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उसकी उपलब्धि से न केवल परिवार और गांवए बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन हुआ है। मंत्री कृष्ण पंवार ने कहा कि खिलाड़ियों की मेहनत और लगन देश के युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। हर नागरिक को विजेता टीम और देश के लिए पदक जीतने वाले खिलाडियों का मान-सम्मान करना चाहिए। कहा कि खेलों में आगे बढ़ने के लिए युवाओं को मेहनत करनी चाहिए और सरकार की ओर से खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न स्तरों पर सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं।

ये रहे मौजूद

पूजा हथवाला के गांव पहुंचने पर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला। लोगों ने ढोल, नगाड़ों के साथ उसका स्वागत किया और उसे बधाई दी। इस दौरान पूजा ने भी अपने समर्थकों और ग्रामीणों का आभार जताया। ग्रामीणों ने कहा कि पूजा की सफलता से गांव की बेटियों और युवाओं को खेलों में आगे बढने की प्रेरणा मिलेगी। इस मौके पर नपा चेयरमैन डा. संजय जांगड़ा, जुलाना बारहा के प्रधान बसाऊ लाठर, पूर्व मंडल अध्यक्ष नीरज, राजबीर हथवाला आदि मौजूद रहे।

रंजिश में मामा-भांजे पर चाकू से किया हमला, छह पर केस

कैथल। शहर से सटे पट्टी अफगान में पुरानी रंजिश के चलते मामा-भांजे पर चाकू और लात-घूंसों से हमला करने का मामला सामने आया है। हमले में दोनों घायल हो गए। सिटी थाना पुलिस ने मामा की शिकायत पर छह आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अर्जुन नगर निवासी नरेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि करीब एक साल पहले उसके भांजे चेतन का पड़ोसी सूरज उर्फ सुरजी के साथ झगड़ा हुआ था। इसके बाद दोनों परिवारों में रंजिश चल रही थी। 28 सितंबर की रात करीब 9 बजे वह अपनी बहन बेदो के घर पर था। इसी दौरान सूरज ने दरवाजा खटखटाया। चेतन ने बाहर जाकर देखा तो सूरज खड़ा था। नरेश गली में पहुंचा तो आरोप है कि सूरज ने उसका गला पकड़ लिया और उसके साथ आए अक्षय ने चाकू से उसकी नाक पर वार कर दिया। शिकायत के अनुसार सूरज के पिता सुशील समेत तीन-चार अन्य युवकों ने भी नरेश के साथ मारपीट की। बीच-बचाव करने आए चेतन की बाएं हाथ की हथेली पर भी चाकू लग गया। शोर सुनकर लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

खबर संक्षेप

सम्मेलन में महिलाओं की होगी विशेष भागीदारी

जींद। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस की सदस्य एवं महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष लाजवंती ढिल्लो ने बताया कि आगामी तीन अक्टूबर को उचाना स्थित राजीव गांधी महाविद्यालय में ब्लॉक स्तरीय कांग्रेस सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्मेलन को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्र के लोगों में उत्साह है। सम्मेलन में महिलाओं की विशेष एवं सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। लाजवंती ढिल्लो ने बताया कि सम्मेलन में मुख्यअतिथि के रूप में हरियाणा कांग्रेस के प्रभारी संजय दत्त, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह शिरकत करेंगे।

शिकायतों को केवल दर्ज करने तक सीमित न रखें

जींद। सफीदों स्थित लघु सचिवालय सभागार में वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में तहसीलदार राजेश गर्ग ने विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और संबंधित विभागों के अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर में प्राप्त प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते प्राथमिकता के आधार पर उसका प्रभावी समाधान सुनिश्चित करें। वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में तहसीलदार राजेश गर्ग ने आमजन की समस्याएं व शिकायत सुनी।

महाराजा अग्रसेन कन्या स्कूल में फैंसी ड्रेस स्पर्धा

जींद। स्थानीय महाराजा अग्रसेन कवमावि में महात्मा गांधी जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जयंती के उपलक्ष्य में नर्सरी से चौथी कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। अवसर पर नन्हे-मुन्ने बच्चे महात्मा गांधी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, झांसी की रानी लक्ष्मीबाई तथा अन्य महान स्वतंत्रता सेनानियों के वेश में सजकर आए। बच्चों ने आकर्षक परिधानों एवं प्रभावशाली प्रस्तुतियों के माध्यम से देशभक्ति, साहस, त्याग और राष्ट्र प्रेम का संदेश दिया।

आमजन को स्वच्छता के लिए किया प्रेरित

उचाना। एक कदम स्वच्छता की ओर अभियान के तहत उचाना में बाजारों, सार्वजनिक स्थानों पर गीता, सूखा कचरा अलग-अलग डस्टबिन में डालने के लिए लोगों को जागरूक किया। इस दौराना कोऑपरेटिव सोसायटी के राकेश कुमार ने बताया कि गीला कचरा हरे और सूखा कचरा नीले डस्टबिन में डाला जाए। उचाना को साथ सुथरा बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है। इस तरह के जागरूकता अभियान लगातार चलाकार आमजन को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया जा रहा है।

नेशनल ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप 8 से दिल्ली में

जींद। 65वीं नेशनल ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप का चार दिवसीय आयोजन आठ से 11 अक्टूबर तक जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम (नई दिल्ली) में एथलेटिक्स फेडरेशन आफ इंडिया (एएफआई) द्वारा किया जाएगा। नेशनल चैंपियनशिप में हरियाणा के 58 एथलीट अपनी खेल प्रतिभा का जलवा बिखेरेंगे। दिलबाग सिंह ने बताया कि जींद जिले से छह एथलीट खिलाड़ी आदित्य जैवलिन थ्रो, परमदीप मोर 42 किलोमीटर वॉक रेस, तमन्ना 100 मीटर, सोनिया रिले रेस, तमन्ना 400 मीटर, पायल 20 हजार मीटर वॉक रेस में खेल प्रतिभा दिखाएगी।

रिटायर्ड कर्मचारी संघ के प्रधान बने रामपाल सैनी

जींद। गांव जामनी में रिटायर्ड कर्मचारी संघ खंड पिल्लूखेड़ा के सदस्यों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व खंड प्रधान रमेश चंद शास्त्री ने की व संचालन ईश्वर सिंह बनियाखेड़ा ने किया। इस बैठक में राज्य कमेटी सदस्य आजाद पांचाल व जिला प्रधान विक्रम सिंह कालीरमन भी उपस्थित रहे। बैठक में संघ के तमाम संघर्षों में बढ़चढ़ कर भाग लेने के संकल्प के साथ नई खंड कार्यकारिणी का चुनाव भी किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से रामपाल सिंह सैनी को प्रधान, सतबीर सिंह व चांदराम शर्मा को उप प्रधान, रणवीर सिंह को सचिव, रमेश कुमार को सहसचिव चुना।

सेवा संकल्प अभियान के तहत सेतु शिविर का नप चेयरपर्सन ने किया शुभारंभ

पात्रों को योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से उपलब्ध करवाना प्राथमिकता

किसी भी प्रकार की समस्या होने पर संबंधित विभाग से संपर्क करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सेवा संकल्प अभियान के तहत वीरवार को नगर परिषद जींद कार्यालय में सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ नप जींद की चेयरपर्सन डा. अनुराधा सैनी ने किया। इस अवसर पर नगर परिषद सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। डा. अनुराधा सैनी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में पहुंचने वाले पात्र नागरिकों को विभाग से संबंधित सरकारी योजनाओं, सुविधाओं एवं सेवाओं की पूरी जानकारी उपलब्ध करवाने के साथ-साथ पात्र लोगों को मौके पर आवश्यक सेवाएं प्रदान की जाएं। कहा कि शिविर का मुख्य उद्देश्य आमजन को विभिन्न सरकारी विभागों की सेवाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध करवाना तथा पात्र नागरिकों को जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना है। शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों ने पहुंचकर विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी प्राप्त की तथा अपनी समस्याओं और आवश्यकताओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। विभिन्न विभागों द्वारा अपने-अपने स्टॉल लगाए गए, जहां नागरिकों को योजनाओं की पात्रताए आवश्यक दस्तावेज एवं आवेदन प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी । विभागीय अधिकारियों ने नागरिकों की समस्याओं को सुना और संबंधित मामलों में आवश्यक कार्रवाई के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। डा. अनुराधा सैनी ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य सरकारी सेवाओं को आमजन के और अधिक करीब पहुंचाना तथा पात्र लोगों को योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ सरलए पारदर्शी और सुविधाजनक तरीके से उपलब्ध करवाना है। अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में आने वाले नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते पात्रता के अनुसार उनके कार्यों का समयबद्ध तरीके से निपटारा सुनिश्चित करें। कहा कि इस प्रकार के सेवा सेतु शिविर आमजन और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इससे लोगों को अलग-अलग विभागों के कार्यालयों के चक्कर लगाने की आवश्यकता कम होती है और उन्हें एक ही स्थान पर विभिन्न सरकारी सेवाओं की जानकारी एवं सुविधा उपलब्ध होती है। चेयरपर्सन ने नागरिकों से आह्वान किया कि वे पात्रता के अनुसार सरकार की योजनाओं का लाभ लेने के लिए तय दस्तावेजों के साथ आवेदन करें। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर संबंधित विभाग से संपर्क करें। कहा कि भविष्य में भी आमजन की सुविधा के लिए शिविर आयोजित किए जाएंगे ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ लोगों को उनके नजदीक ही उपलब्ध करवाया जा सके।



नप में लगाए गए स्टॉल पर जानकारी हासिल करते नप अध्यक्षा डा. अनुराधा सैनी।



जींद। जरूरतमंद को सेवा का सर्टिफिकेट देते डॉ. अनुराधा सैनी।

ये रहे मौजूद

इस दौरान कार्यकारी अधिकारी सुशील कुमार, सचिव सुमित ढहिया, वाइस चेयरमैन प्रतिनिधि हरीश शर्मा, नगर पार्षद हरीश अरोड़ा, पार्षद सतीश हरियाणवी, संजय वत्स, सुनील कुमार, विक्की, गुलशन आहूजा, सुरेंद्र कादियान, महावीर रेढू सहित नगर परिषद के अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

वरिष्ठ नागरिकों को किया सम्मानित

वरिष्ठ नागरिक दिवस के उपलक्ष में नप अध्यक्षा डा. अनुराधा सैनी ने विभिन्न वरिष्ठ महिलाओं एवं पुरुषों को माला पहनाकर तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान और उनके अनुभवों को समाज की महत्वपूर्ण धरोहर बताते कहा कि वरिष्ठ नागरिकों का मार्गदर्शन नई पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक है। इस अवसर पर उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों ने भी नगर परिषद द्वारा किए गए सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया।



जुलाना। प्रतियोगिता में नृत्य करती छात्रा। *फोटो :हरिभूमि*

नृत्य में जानकी, गायन में रेनू और कविता में ईशा अव्वल

- जुलाना के राजकीय कॉलेज में हुई प्रतिभा खोज प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना कस्बे के शहीद मेजर संजीव लाठर राजकीय कॉलेज में प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डा. शमशेर सिंह ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। प्रतियोगिता के दौरान छात्रों ने नृत्य, गायन, कविता भाषण और फैशन शो सहित विभिन्न विधाओं में प्रतिभा का प्रदर्शन किया। छात्रों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं।प्रतियोगिता में छात्राओं ने हरियाणवी और पंजाबी गीतों पर शानदार नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। नृत्य प्रतियोगिता में जानकी ने प्रथमए अंकुश ने द्वितीय और सिमरन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। फैशन शो में भी जानकी ने बाजी मारते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। सिमरन द्वितीय और कशिश तृतीय स्थान पर रही। गायन प्रतियोगिता में रेनू ने अपनी मधुर आवाज से प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि नेहा ने द्वितीय और जानकी ने तृतीय स्थान हासिल किया। कविता पाठ में ईशा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कीर्ति द्वितीय और सिमरन तृतीय स्थान पर रही। भाषण प्रतियोगिता में जानकी ने प्रथम, बुलबुल ने द्वितीय और प्रीति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम को संबोधित करते प्राचार्य डा. शमशेर सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ सांस्कृतिक और रचनात्मक गतिविधियों में भी बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए। इस तरह की प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों में छिपी प्रतिभा को सामने आने का अवसर मिलता है। प्रतियोगिताओं में भाग लेने से छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ता है और उन्हें अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए बेहतर मंच मिलता है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रमों में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया।

कैडेट्स ने अभियान चला दिया जागरूकता का संदेश

जींद। मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय में गांधी जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय कैडेट कोर एनसीसी के कैडेट्स द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के तहत विशेष स्वच्छता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वच्छता, अनुशासन, जिम्मेदारी और सामाजिक सहभागिता की भावना को मजबूत करना रहा। कैडेट्स ने विद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में साफ.-सफाई करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया तथा लोगों को अपने आसपास का वातावरण स्वच्छ रखने के लिए जागरूक किया। गांधी जयंती के अवसर पर आयोजित इस अभियान में एनसीसी के प्रथम वर्ष और द्वितीय वर्ष के कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कैडेट्स ने स्वच्छता अभियान के दौरान लोगों को समझाया कि स्वच्छ वातावरण स्वस्थ एवं सुखी जीवन की आधारशिला है।



उचाना। प्रतियोगिता में हिस्सा लेते प्रतिभागी। *फोटो :हरिभूमि*

उचानाः एसडी कन्या कॉलेज में प्रतिभा खोज कार्यक्रम के तहत हुई प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

उचाना। एसडी कन्या कॉलेज उचाना मंडी में प्रतिभा खोज कार्यक्रम के दौरान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।प्रतियोगिता में दस टीमों ने हिस्सा लिया। प्रत्येक टीम में तीन-तीन छात्राएं शामिल थीं। प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न विषयों से संबंधित प्रश्न छात्राओं से पूछे गए, जिनका प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक उत्तर दिया। प्रतियोगिता में टीम प्रतिज्ञा ने प्रथम, टीम दुर्गा ने द्वितीय तथा टीम जिज्ञासा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अध्यक्षता कॉलेज की प्राचार्या डॉ. अंजू रानी ने की। निर्णायक मंडल में कुमारी ज्योति, रेनू ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। डॉ. अंजू रानी ने इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों में सामान्य ज्ञान, आत्मविश्वास, त्वरित निर्णय लेने की क्षमता तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है।

गांधी-शास्त्री जयंती पर विद्यार्थियों ने सत्य अहिंसा व सादगी अपनाने का लिया संकल्प

उचाना। प्लस पॉइंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल खापड़, प्लस पॉइंट पाठशाला उचाना मंडी में महात्मा गांधी, लाल बहादुर शास्त्री जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जीवन, विचारों और आदर्शों पर प्रेरणादायक भाषण प्रस्तुत किए। सत्य, अहिंसा, सादगी, ईमानदारी, अनुशासन और देशप्रेम जैसे मूल्यों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। प्लस पॉइंट ग्रुप ऑफ एजुकेशन के सीएमडी आरएम सांगवान ने कहा कि महान व्यक्तित्वों के आदर्शों को केवल याद करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें अपने दैनिक जीवन में अपनाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।



उचाना। कार्यक्रम में प्रस्तुत देते हुए विद्यार्थी। *फोटो :हरिभूमि*



उचाना। विद्यार्थियों द्वारा मानव श्रृंखला से बनाया गया चश्मा।

महात्मा गांधी के स्वच्छता संदेश को लेकर शिवानिया स्कूल में बनाई मानव श्रृंखला

उचाना। शिवानिया पब्लिक स्कूल उचाना मंडी में महात्मा गांधी के स्वच्छता, अनुशासन एवं स्वच्छ सोच के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से विशेष मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। विद्यार्थियों ने महात्मा गांधी के चश्मे की आकृति मानव श्रृंखला से बनाई। प्रधानाचार्या प्रोमिला मलिक ने विद्यार्थियों के प्रयास की सराहना करते कहा कि स्वच्छता केवल हमारे आसपास की सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि स्वच्छ विचार और सकारात्मक सोच भी इसका महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।



आधारशिला के छात्रों ने लिया राष्ट्रसेवा का सकंल्प

जींद। आधारशिला स्कूल में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा, देशभक्ति और प्रेरणादायक गतिविधियों के साथ मनाई गई। इन गतिविधियों का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को सत्य, अहिंसा, स्वच्छता, सादगी, अनुशासन एवं राष्ट्र सेवा के मूल्यों से जोडना था। प्रातःकालीन सभा में विद्यालय के प्राचार्य ने पुष्प श्रद्धांजलि अर्पित की। विद्यार्थियों ने दोनों महान विभूतियों के जीवन एवं आदर्शों पर प्रकाश डाला। छात्रों ने गांधी के जीवन प्रसंग, प्रेरक विचार, भाषण और नृत्य प्रस्तुत किए। वहीं लाल बहादुर शास्त्री के जीवन सादगी, ईमानदारी और राष्ट्र के प्रति समर्पण को रेखांकित करते हुए विद्यार्थियों ने उनके प्रसिद्ध संदेश जय जवान, जय किसान के महत्व को समझाया। विद्यालय की निदेशिका अंजू सिहाग व प्राचार्य सतवीर सिंह गहलावत ने अपने संबोधन में बताया कि गांधी और शास्त्री का जीवन केवल इतिहास का हिस्सा नही बल्कि आज भी हमारे लिए चरित्र, कर्तव्य और राष्ट्रसेवा की प्रेरणा है।

पंजाब-उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनना लगभग तय : टेकराम कंडेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा सहकारी श्रम व निर्माण प्रसंग के पूर्व अध्यक्ष व भाजपा के वरिष्ठ नेता टेकराम कंडेला ने कहा कि आने वाले पंजाब व उत्तर प्रदेश के विस चुनाव में भाजपा की सरकार बनना लगभग तय माना जा रहा है। हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी पंजाब में जाकर भारी भीड़ जुटा रहे हैं। हर रोज लोग भाजपा को ज्वायन कर रहे हैं। कंडेला ने आप के सीएम भागवत मान पर निशाना साधते कहा कि पंजाब के लोग आप से व प्रशासन से पूरी तरह परेशान हैं और पंजाब में नशा बढ़ता जा रहा है। किसानों को फसलों पर किसी प्रकार की एमएसपी नहीं मिलती है, कानून व्यवस्था बहुत ही खराब है, भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। युवा छात्र सड़कों पर आ चुके हैं। इसलिए आने वाले विस चुनाव में भाजपा की सरकार बनेगी। कहा कि कांग्रेस को लोग पहले ही नकार चुके हैं। यूपी के विस में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कानून व्यवस्था व विकास पर तेजी से काम कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश मे आम आदमी पूरी तरह से सुरक्षित है। भूमाफिया पर पूरी तरह से शिकंजा कसा जा चुका है। समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव पर निशाना साधते कहा कि जिस प्रकार से उनके राज्य में गुंडागर्दी बहुत चरम सीमा पर थी और परिवारवाद का राज था, बड़े-बड़े पदों पर उन्हीं के परिवारों के लोग बैठते थे, उत्तर प्रदेश में कांग्रेस पार्टी का कोई वजूद नहीं है। आने वाले समय में तीसरी बार योगी आदित्यनाथ की सरकार बनेगी।

देश पूरी तरह से सुरक्षित



कंडेला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व देश के गृहमंत्री अमित शाह के हाथों में देश पूरी तरह से सुरक्षित है। जिस प्रकार कांग्रेस पार्टी व विपक्ष के लोग चुनाव आयोग पर झूठा आरोप लगा कर देश को गुमराह करना चाहते है, जबकि चुनाव आयोग ने स्पष्ट कर दिया है कि सभी फैसले सर्वसम्मति से हुए हैं।



उचाना। सम्मानित किए गए विज्ञान मेले में अव्वल रहे विद्यार्थी।

संकुल स्तरीय गणित-विज्ञान एवं संगणक मेले का आयोजन

उचाना। विद्या भारती द्वारा संचालित एसएसएमएसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उचाना कलां में संकुल स्तरीय गणित-विज्ञान एवं संगणक मेला-2026 का आयोजन किया । अध्यक्षता संकुल प्रमुख एवं निदेशक विनोद वशिष्ठ ने की। मेले का शुभारंभ विनोद वशिष्ठ, प्राचार्य रणधीर शास्त्री, जैव विज्ञान प्रवक्ता गुलशन कुमार, गणित प्रवक्ता विनोद, भौतिक विज्ञान प्रवक्ता विकास, विज्ञान प्रांत प्रमुख अजय कौशिक, रसायन विज्ञान से साक्षी ने दीप प्रज्वलित कर किया। करीब 200 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। शिशु, बाल, तरुण और किशोर चारों वर्गों के लिए अलग-अलग प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। विज्ञान प्रदर्शनी, विज्ञान प्रश्न मंच, गणित प्रश्न मंच, पत्र वाचन तथा कंप्यूटर प्रायोगिक प्रतियोगिताएं प्रमुख रहीं। विद्यार्थियों ने विभिन्न वैज्ञानिक मॉडलों के माध्यम से अपनी प्रतिभा एवं रचनात्मक सोच का प्रदर्शन किया। निर्णायक मंडल की भूमिका गुलशन कुमार , विनोद , विकास , साक्षी ने निभाई। मेले के संयोजक नरेंद्र रहे।

खाटू श्याम मंदिर वाली गली का होगा निर्माण, डी-प्लान से मिले पांच लाख रुपये

बरसात के बाद जलभराव से दुःखी लोगों को मिलेगी राहत, पेवर ब्लॉक से बनेगी गली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

राजेंद्रा कॉलोनी में निर्माणाधीन खाटू श्याम मंदिर एवं सत्संग भवन वाली गली का निर्माण अब डी-प्लान के तहत होगा। नगर पालिका में गली निर्माण के लिए डी-प्लान से 5 लाख रुपये की राशि पहुंच चुकी है। गली का लेवल मुख्य गली से नीचा होने के कारण थोड़ी देर की बारिश में भी यहां जलभराव हो जाता था, जिससे स्थानीय लोगों के साथ-साथ आमजन और श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है। निर्माणाधीन खाटू श्याम मंदिर की श्री श्याम सेवा समिति के सदस्यों एवं स्थानीय लोगों ने इस समस्या को लेकर विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री से मुलाकात कर गली का निर्माण करवाने तथा जलभराव से निजात दिलाने की मांग की थी। विधायक ने एक माह के अंदर समस्या का समाधान करवाने का आश्वासन दिया था। अब नगर पालिका में गली निर्माण के लिए पांच लाख रुपये की राशि आने के बाद लोगों में खुशी है। गली का निर्माण पेवर ब्लॉक से करवाया जाएगा। विकास गर्ग, अनिल, मंदीप, सुरेंद्र, अमित, मुकेश और शीलू ने बताया कि इस स्थान पर खाटू श्याम मंदिर के साथ सत्संग भवन, प्ले स्कूल और सरकारी सोसायटी बैंक भी है। राजेंद्रा कॉलोनी में आने-जाने के लिए यह मुख्य रास्ता है। गली का लेवल मुख्य सड़क से नीचे होने के कारण बारिश के बाद यहां पानी जमा हो जाता था। इससे राहगीरों, श्रद्धालुओं और स्थानीय निवासियों को काफी परेशानी होती थी। विधायक से मुलाकात कर गली निर्माण की मांग रखी गई थी। अब मुख्य गली से मंदिर के सामने होते हुए प्लस प्वाइंट पाठशाला तक गली का निर्माण करवाया जाएगा।



निर्माणधीन खाटू श्याम मंदिर वाली गली में बारिश के बाद हुआ जलभराव (फाइल फोटो)।

जल्द मिलेगी राहत

विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने कहा कि समस्या छोटी हो या बड़ी, हर समस्या के समाधान के लिए प्रयास किए जाते हैं। श्रद्धालुओं और आमजन ने गली में जलभराव की समस्या से अवगत करवाया था। इस पर डी-प्लान के तहत गली निर्माण करवाने की प्रक्रिया शुरू की गई है और नगर पालिका में इसके लिए राशि आ चुकी है। जल्द ही गली का निर्माण करवाकर लोगों को जलभराव की समस्या से राहत दिलाई जाएगी।



जींद। किसानों को जागरूक करते टीम। *फोटो :हरिभूमि*

पराली प्रबंधन को लेकर जागरूक कर रहा कृषि विभाग

जींद। उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा के मार्गदर्शन में कृषि विभाग की टीमें जिले के प्रत्येक गांव में पहुंच कर किसानों को फसल अवशेष एवं पराली प्रबंधन के प्रति लगातार जागरूक कर रही हैं। इसी कड़ी में वीरवार को कृषि विभाग की टीमों ने विभिन्न गांवों में जागरूकता अभियान चलाकर किसानों को पराली न जलाने और फसल अवशेषों का उचित प्रबंधन करने के लिए प्रेरित किया। कृषि उपनिदेशक डा. सुखदेव कम्बोज ने बताया कि विभाग की टीमें बराह कलां, मंगलपुर, ईंटल कलां, बरौदा, दुडाना आदि विभिन्न गांवों में पहुंचीं और किसानों से संवाद कर फसल अवशेष प्रबंधन के वैज्ञानिक तरीकों की जानकारी दी। इस दौरान किसानों को पराली जलाने से होने वाले नुकसान तथा इसके उचित प्रबंधन से होने वाले लाभों के बारे में भी बताया गया। ईंटल कलां गांव में पटवारी एवं सरपंच की मौजूदगी में जागरूकता अभियान चलाया गया। विभागीय अधिकारियों ने किसानों को कृषि यंत्रों एवं आधुनिक तकनीकों के माध्यम से फसल अवशेषों के प्रबंधन के बारे में जानकारी दी। कृषि उपनिदेशक डा. सुखदेव कम्बोज ने कहा कि फसल अवशेष किसानों के लिए उपयोगी संसाधन हैं।

खबर संक्षेप

मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेला लगा

गुहला-चीका। हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार व जिला प्रशासन के सहयोग सेवा संकल्प अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है, वहीं इसी कड़ी में वीरवार को गांव बलबेहड़ा में स्थित सामुदायिक केंद्र में सेवा संकल्प अभियान के तहत मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेला लगाया गया।

रक्तदान के लिए लोगों को किया जागरूक

पूंडरी। चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय, फतेहपुर-पूंडरी में स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के उपलक्ष्य में यूथ रेड क्रॉस सोसायटी एवं रेड रिबन क्लब की ओर से जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं आमजन को स्वैच्छिक रक्तदान की आवश्यकता, महत्व और सामाजिक उपयोगिता के प्रति जागरूक करना रहा।

दो मामलों में भगोड़े दो आरोपी गिरफ्तार

कैथल। पीओ पकड़ो स्टॉफ द्वारा अलग अलग 2 मामले में दो उद्घोषित आरोपी काबू किए गए है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पीओ पकड़ो स्टाफ प्रभारी एसआई ओमप्रकाश की अगुवाई में एएसआई रणदेव सिंह की टीम द्वारा आरोपी गांव बरसाना निवासी विक्रम को काबू कर लिया गया। बतादें कि 31 मई 2021 को पूंडरी पुलिस द्वारा आरोपी विक्रम को अवैध शराब भट्ठी चलाते हुए काबू किया गया था। दूसरे मामले में एसआई सतीश कुमार की टीम द्वारा आरोपी कैलरम निवाससी सुनील को गिरफ्तार किया गया। आरोपी पर 9 मई 2018 को कलायत थाना क्षेत्र में अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर एक व्यक्ति को चोटे मारने का आरोप है।

अलग-अलग स्थानों से दो युवतियां लापता

कैथल। जिले में अलग-अलग स्थानों से दो युवतियां संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गईं। संबंधित थाना पुलिस ने दोनों मामलों में गुमशुदगी के केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। पहले मामले में सिटी थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी निवासी 18 वर्षीय युवती बिना कुछ बताए घर से चली गई। दूसरे मामले में पूंडरी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 22 वर्षीय युवती 30 सितंबर से लापता है।

इंटरलॉकिंग ब्लॉकों की जांच की मांग

गुहला-चीका। शहर की गलियों में नगर पालिका प्रशासन की ओर से लगाए जा रहे इंटरलॉकिंग ब्लॉकों के निर्माण कार्य को लेकर भाजपा जिला उपाध्यक्ष मांगे राम जिंदल ने जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि कुछ स्थानों पर बिना उचित आधार तैयार किए मिट्टी के ऊपर ही इंटरलॉकिंग ब्लॉक लगाए जा रहे हैं। ऐसे स्थानों पर ब्लॉक मिट्टी में धंसते दिखाई दे रहे हैं।

उधम सिंह पार्क में किया श्रमदान

कैथल। सेवा संकल्प अभियान के तहत नगर परिषद कार्यालय द्वारा शहर के वार्ड नंबर 4 स्थित उधम सिंह पार्क में "एक दिन, एक घंटा, एक साथ श्रमदान" अभियान चलाया गया। इस दौरान नगर परिषद के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पार्क में सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया। नगर आयुक्त कपिल शर्मा ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य लोगों को स्वच्छता एवं सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति जागरूक करना है।

बीरबांगड़ा आईटीआई में लगा रक्तदान शिविर

राजौंद। सेवा संकल्प अभियान के तहत राजौंद की बीरबांगड़ा आईटीआई में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कैथल आईटीआई के प्रिंसिपल सतीश मच्छाल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। शिविर में विद्यार्थियों, स्टाफ सदस्यों तथा अन्य लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए रक्तदान किया। शिविर में 42 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।

16 साल देशसेवा के बाद गांव लौटा कौल का लाल, सम्मान में उमड़ा जनसैलाब

खिलाड़ी कोटे से सेना में भर्ती हुए बलकार सिंह का लोगों ने किया भव्य स्वागत
मोटरसाइकिलों और गाड़ियों के काफिले के साथ निकला सम्मान जुलूस

हरिभूमि न्यूज ⏭ढांड

गांव कौल के युवा खिलाड़ी बलकार सिंह के भारतीय सेना में 16 वर्ष की सेवा पूरी कर सेवानिवृत्त होकर गांव लौटने पर सैकड़ों ग्रामीणों ने नेशनल हाईवे 152 डी के समीप एक निजी पैलेस में फूल मालाओं व पुष्प गुच्छ देकर भव्या स्वागत किया। वर्ष 2011 में खिलाड़ी कोटे से भारतीय सेना में भर्ती हुए बलकार सिंह के सम्मान में परिवार, रिश्तेदारों, ग्रामीणों और खिलाड़ियों ने मोटरसाइकिलों व गाड़ियों के काफिले के साथ सम्मान जुलूस निकाला। इस दौरान बड़ी संख्या में युवा खिलाड़ी पैदल भी साथ चले और भारत माता की जय तथा वंदे मातरम के जयकारों से माहौल देशभक्तिमय बना रहा। नेशनल हाईवे-152डी के समीप स्वागत के बाद काफिला गांव की ओर रवाना हुआ। गांव के बस स्टैंड के समीप बने रोड राजा चौक पहुंचा। यहां बलकार सिंह ने रोड राजा और राष्ट्रीय ध्वज दोनों को सैल्यूट कर सम्मान व्यक्त किया। इसके बाद उन्हें गांव की मुख्य गलियों से होते हुए उनके निवास स्थान तक सम्मानपूर्वक ले जाया गया।

गांव का नाम किया रोशन

सरपंच प्रतिनिधि नरेश आढ़ती ने कहा कि बलकार सिंह ने खेल के मैदान से निकलकर भारतीय सेना में सेवा देकर गांव का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि युवाओं के लिए बलकार सिंह की मेहनत और देशसेवा प्रेरणादायक है तथा गांव को अपने इस बेटे की उपलब्धि पर गर्व है।

देश की सेवा करना गौरव की बात

पूर्व सरपंच श्याम सुंदर ने कहा कि बलकार सिंह का सफर गांव के युवाओं के लिए मिसाल है। खेल के मैदान में मेहनत करते हुए देशसेवा का सपना देखना और उसे भारतीय सेना की सेवा के माध्यम से पूरा करना गौरव की बात है। उन्होंने बलकार सिंह को सेवानिवृत्ति के बाद के जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं।

खेल के मैदान से शुरू हुआ सफर सेना तक पहुंचा

बलकार सिंह ने बताया कि बलवंत सिंह बल्लू स्टेडियम में खेलते-खेलते उनके मन में देश के लिए कुछ कर गुजरने का सपना पैदा हुआ था। खेल के मैदान से शुरू हुआ उनका सफर वर्ष 2011 में भारतीय सेना तक पहुंचा और अगले 16 वर्ष देशसेवा में बीते।



ढांड। 16 वर्ष की नौकरी के बाद गांव आने पर गांव वालों ने इस तरह किया स्वागत।

बलकार सिंह से प्रेरणा लें युवा

इस अवसर पर बलकार सिंह के कोच ने कहा कि बलकार ने खेल के मैदान में हमेशा मेहनत और अनुशासन को प्राथमिकता दी। खेल के दौरान उसके भीतर देश के लिए कुछ करने का जज्बा था, जिसे उसने सेना में भर्ती होकर पूरा किया। संजीव ने कहा कि बलकार सिंह की सफलता के पीछे उनकी मेहनत, खेल के प्रति लगन और अनुशासन की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि गांव के युवाओं को भी उनसे प्रेरणा लेकर खेल और देशसेवा के क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहिए। समारोह में वक्ताओं ने कहा कि खेल के मैदान में पसीना बहाकर देशसेवा का सपना देखने वाले बलकार सिंह ने भारतीय सेना की वर्दी पहनकर 16 वर्षों तक देश की सेवा की। उनके सम्मान में निकाला गया जुलूस और ग्रामीणों का उत्साह इस बात का प्रतीक रहा कि गांव अपने सैनिक बेटे की उपलब्धि को गर्व के साथ देखता है। इस अवसर पर कपिल मुनि तीर्थ प्रधान रामेश्वर दास उर्फ पोला, कोच बलकार सिंह व संजीव कुमार, इंटरनेशनल खिलाड़ी नरेंद्र कुमार,सरपंच प्रतिनिधि नरेश आढ़ती, पूर्व सरपंच श्याम सुंदर एवं गुलाब सिंह, अजय कौल, ओमपाल आढ़ती सहित खिलाड़ी व गांवों के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

उपायुक्त अपराजिता बोलीं, दिलाई जाएगी स्वच्छता की शपथ

गांधी जयंती पर पंचायतों में होगी विशेष ग्राम सभा : डीसी

सरकार की योजनाओं की गांव वालों की दी जाएगी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

डीसी अपराजिता ने बताया कि विकास एवं पंचायत विभाग के निर्देशानुसार 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर जिले की सभी ग्राम पंचायतों में स्वच्छता दिवस मनाया जाएगा। इस दौरान सुबह 11 बजे विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा, जिसमें ग्रामीणों को स्वच्छता की शपथ दिलाई जाएगी।

उन्होंने बताया कि विशेष ग्राम सभा के माध्यम से ग्रामीणों को स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक किया जाएगा। साथ ही, ग्रामीणों को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी तथा पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ भी दिलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस दिन गांव में जन योजना अभियान, जन कल्याणकारी योजना की उपलब्धि ग्रामीणों के समक्ष रखना, ग्राम सभाओं में ग्रामीणों की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए गांव के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी तथा आवश्यक प्रस्ताव पारित किए जाएंगे।

तैयार की जाएगी विकास योजना

ग्राम पंचायत विकास योजना तैयार करने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इसके साथ ही सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत गांव में किए गए जनकल्याणकारी एवं सेवा कार्यों तथा उनकी उपलब्धियों की जानकारी ग्राम सभा के समक्ष रखी जाएगी और आगामी जनसेवा कार्यों की प्राथमिकता ग्रामीणों के साथ मिलकर तय की जाएगी। इसी प्रकार स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत पंचायत, सरपंच, सफाई मित्र, स्वयं सहायता समूह, युवा क्लब, पुस्तकालय अधिकारी, स्काउट्स एवं गाइड्स तथा आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सहित ग्राम पंचायत के प्रमुख हितधारकों को एक मंच पर लाकर गांव में स्वच्छता की स्थिति की समीक्षा की जाएगी। साथ ही गांव को स्वच्छ एवं कचरा-मुक्त बनाने के लिए कार्ययोजना पर सहमति बनाई जाएगी।

पंचायत अधिकारी होंगे नोडल अफसर

वहीं, परिवार पहचान पत्र से संबंधित सत्यापन कार्य के तहत परिवार पहचान पत्र में दर्ज पारिवारिक विवरण एवं आय की जांच, छूटे हुए पात्र व्यक्तियों के नाम जोड़ने तथा आवश्यक सुधार करवाने की प्रक्रिया पर भी चर्चा की जाएगी। पात्र लाभार्थियों के डेटा का सत्यापन ग्राम सभा के माध्यम से करवाने पर जोर रहेगा। विशेष ग्राम सभाओं का उद्देश्य ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी से पारदर्शी, सहभागी एवं योजनाबद्ध ग्राम विकास को बढ़ावा देना तथा सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए खंड स्तर पर संबंधित खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी को नोडल अधिकारी बनाया गया है। उन्होंने सभी ग्रामवासियों से आह्वान किया कि वे 2 अक्टूबर को आयोजित विशेष ग्राम सभाओं में अधिक से अधिक संख्या में भाग ले और स्वच्छता के इस अभियान को सफल बनाएं।

लोगों को करेंगे जागरूक

विशेष ग्राम सभा में विकसित ग्राम पंचायत योजना तैयार करने पर भी चर्चा होगी। पंचायत राज विभाग एवं विकसित भारत जी राम जी योजना के तहत गांव की स्थानीय आवश्यकताओं और समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए योजना तैयार कर ग्राम सभा में औपचारिक प्रस्ताव पारित करवाया जाएगा। इसके अलावा गांव को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग तथा समाज कल्याण विभाग के साथ समन्वय कर सत्यापन एवं प्रमाणन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। ग्राम सभा में सहमति प्रस्ताव पारित कर गांव को बाल विवाह मुक्त गांव घोषित करने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। जल अर्पण अभियान की गतिविधियों को भी विशेष ग्राम सभा में शामिल किया जाएगा। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग एवं जल जीवन मिशन के सहयोग से जल स्रोतों का रखरखाव, जल की उपलब्धता, स्वच्छता तथा 'हर घर जल' व्यवस्था के निरंतर संचालन की समीक्षा की जाएगी और इसकी रिपोर्ट ग्रामीणों के समक्ष रखी जाएगी। इसके अलावा पेयजल आपूर्ति, गंदे पानी की निकासी एवं प्रबंधन, अमृत सरोवर से जुड़े कार्य, गांव में नशे से मुक्त करना व स्वच्छता आदि विषयों पर कार्रवाई व जागरूकता करना है।

रोहेड़ा स्टेडियम में हुई मैराथन दौड़

- खिलाड़ियों ने नशे से दूर रहने की शपथ लेकर दिया स्वस्थ समाज का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭राजौंद

जिला खेल अधिकारी राज रानी ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान के तहत ब्लॉक राजौंद के रोहेड़ा स्टेडियम में मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं और खिलाड़ियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना रहा। उन्होंने बताया कि मैराथन दौड़ में करीब 250 से 300 बच्चों एवं खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान सभी खिलाड़ियों को नशे से दूर रहने तथा स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने की शपथ दिलाई गई। खिलाड़ियों ने संकल्प लिया कि वे स्वयं नशे से दूर रहेंगे और अपने आसपास के युवाओं को भी नशे के खिलाफ जागरूक करेंगे। उपस्थित अतिथियों ने युवाओं को खेलों से जुड़ने और अपनी ऊर्जा का सकारात्मक दिशा में उपयोग करने का संदेश दिया। इस अवसर पर ब्लॉक समिति सदस्य राकेश, कबड्डी कोच सुरेंद्र सहित अन्य गणमान्य सदस्य, प्रशिक्षक एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे।



राजौंद। खिलाड़ियों ने नशे से दूर रहने की ली शपथ। *फोटो: हरिभूमि*

छात्राओं को दिया आत्मनिर्भरता का संदेश

पूंडरी। डीएवी कॉलेज पूंडरी के पुस्तकालय सभागार में प्राचार्य डॉ. राजेश तुरान की अध्यक्षता में महिला प्रकोष्ठ का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय पूंडरी की प्राचार्या डॉ. शकुंतला सिंगला मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में उपस्थित रहीं। प्राचार्य डॉ. राजेश तुरान ने मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। मुख्य अतिथि डॉ. शकुंतला सिंगला ने कहा कि जीवन में किसी भी व्यक्ति को स्वयं को छोटा नहीं समझना चाहिए। बड़े लक्ष्य निर्धारित कर उन्हें प्राप्त करने के लिए आत्मविश्वास, दृढ़ इच्छाशक्ति और अनुशासन के साथ निरंतर प्रयास करना चाहिए।

अटल पार्क आर-3 में मांगे राम जिंदल ने किया श्रमदान

हरिभूमि न्यूज ⏭गुहला-चीका

नगर पालिका चीका की ओर से चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत अटल पार्क आर-3 में विशेष स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। अभियान में भाजपा जिला उपाध्यक्ष मांगे राम जिंदल और गुहला मंडल महामंत्री रामकुमार शर्मा ने मुख्य रूप से भाग लिया और सफाई कर्मचारियों व भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ श्रमदान किया। मांगे राम जिंदल, रामकुमार शर्मा सहित अन्य लोगों ने पार्क के किनारों और आसपास के क्षेत्र से कचरा व झाड़ियां हटाकर सफाई की। इस दौरान उन्होंने स्वच्छता कार्य में जुटे कर्मचारियों के साथ मिलकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। मांगे राम जिंदल ने कहा कि अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से अपने घरों और आसपास के क्षेत्रों में सफाई रखने तथा स्वच्छता अभियानों में भाग लेने की अपील की।



अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाया

- रेडक्रॉस स्वयंसेवकों ने गांव पोलड में बुजुर्गों से मिलकर जानी समस्याएं, सरकारी सुविधाओं का किया सर्वेक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

स्थानीय आरकेएसडी कॉलेज में यूथ रेडक्रॉस सोसाइटी के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' तथा सर जीन हेनरी ड्यूनेंट की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ। प्रधान प्रबंधक समिति के प्रधान अश्विनी शोरेवाला एवं समस्त प्रबंधक समिति ने यूथ रेडक्रॉस सोसाइटी के प्रयास की सराहना की। वाईआरसी संयोजिका डॉ. सुरुचि शर्मा ने सभागार में उपस्थित अतिथियों, स्टाफ सदस्यों और स्वयंसेवकों का स्वागत किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. गगन मित्तल ने मुख्यातिथि का परिचय करवाते हुए रेडक्रॉस के सामाजिक दायित्वों में सकारात्मक भूमिका पर प्रकाश डाला। हरियाणा राज्य रेडक्रॉस सोसाइटी के महासचिव डॉ. सुनील कुमार ने मुख्यातिथि के रूप में विद्यार्थियों को संबोधित किया। जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव डॉ. रामजी लाल एवं डॉ. बीरबल ने स्वयंसेवकों को नशा मुक्ति और रक्तदान की शपथ दिलाई। मंच संचालन डॉ. विकास भारद्वाज ने किया। संयोजिका डॉ. सुरुचि शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।



कैथल। आरकेएसडी कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों और रेडक्रॉस स्वयंसेवकों के साथ राज्य रेडक्रॉस सोसाइटी के महासचिव डॉ. सुनील कुमार, प्राचार्य डॉ. गगन मित्तल व अन्य। *फोटो: हरिभूमि*

राजौंद मंडी में धान की खरीद नहीं हुई शुरू

- एक अक्टूबर से खरीद शुरू होने की थी उम्मीद, करीब 5 हजार कट्टे धान खुले में पड़े
- तीन-चार दिन से किसान कर रहे खरीद का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭राजौंद

राजौंद अनाज मंडी में धान की सरकारी खरीद शुरू नहीं होने से किसानों की परेशानी बढ़ गई है। सरकार द्वारा एक अक्टूबर से धान की खरीद शुरू किए जाने की बात के बावजूद गुरुवार को भी मंडी में धान की खरीद नहीं हो सकी। मंडी में करीब 5 हजार कट्टे धान के पड़े हुए हैं, जिनमें से काफी मात्रा खुले आसमान के नीचे है। किसान पिछले तीन-चार दिनों से अपनी फसल लेकर मंडी में खरीद का इंतजार कर रहे हैं।

धान की खरीद के लिए हैफेड को खरीद एजेंसी बनाया गया है। गुरुवार को हैफेड के अधिकारी मंडी में पहुंचे, लेकिन मौके पर बारदाना उपलब्ध नहीं होने के कारण धान की खरीद शुरू नहीं हो पाई। इससे किसानों को एक बार फिर मायूसी का सामना करना पड़ा। किसानों का कहना है कि वे कई दिनों से मंडी में फसल लेकर बैठे हैं। उन्हें उम्मीद थी कि एक अक्टूबर से सरकारी खरीद शुरू हो जाएगी और उनकी फसल बिक जाएगी, लेकिन पहले दिन भी खरीद शुरू नहीं हो सकी।



राजौंद। अनाज मंडी में सरकारी खरीद शुरू नहीं होने के कारण खुले आसमान के नीचे पड़ी उपज। *फोटो: हरिभूमि*

खुले में पड़ी उपज

किसानों ने बताया कि धान की फसल मंडी में खुले में पड़ी होने के कारण उन्हें मौसम को लेकर भी चिंता बनी हुई है। खरीद में देरी होने से मंडी में फसल का जमाव बढ़ता जा रहा है। किसानों ने संबंधित एजेंसी से जल्द बारदाने की व्यवस्था करवाकर धान की खरीद शुरू करने की मांग की है, ताकि उन्हें अपनी फसल बेचने के लिए अधिक समय तक मंडी में न रुकना पड़े। राजौंद अनाज मंडी आढ़ती संगठन के प्रधान भीम सिंह ने बताया कि मंडी में करीब 5 हजार कट्टे धान पड़े हैं। उन्होंने कहा कि अभी तक न तो पर्याप्त बारदाना उपलब्ध हुआ है और न ही सरकारी खरीद शुरू हो पाई है। उन्होंने कहा कि खरीद प्रक्रिया जल्द शुरू होना जरूरी है।



रेडक्रॉस के राज्य महासचिव डॉ. सुनील खुराना ने किया होली पाथ स्पेशल एजुकेशन सेंटर का निरीक्षण

कैथल। अनहद एजुकेशन एंड हेल्थ वेलफेयर सोसाइटी द्वारा रेडक्रॉस के सहयोग से संचालित होली पाथ स्पेशल एजुकेशन एंड रिसर्च सेंटर, कैथल में विशेष निरीक्षण एवं प्रोत्साहन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें हरियाणा राज्य रेडक्रॉस शाखा, चंडीगढ़ के महासचिव डॉ. सुनील खुराना ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उनके साथ जिला रेडक्रॉस सोसाइटी कैथल के सचिव रामजी लाल और डॉ. बीरबल भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान डॉ. सुनील खुराना ने दिव्यांग बच्चों के शिक्षण, प्रशिक्षण और पुनर्वास के लिए संचालित गतिविधियों तथा सेंटर में उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संस्था द्वारा दिव्यांग बच्चों के लिए किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में डॉ. सुनील खुराना ने कहा कि सेंटर के संचालन और विकास के लिए भविष्य में हरसंभव सहयोग किया जाएगा। उन्होंने संस्था को कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) और विशेष अनुदान दिलाने में रेडक्रॉस की ओर से सहयोग का आश्वासन दिया।

पहल 'एक घंटा, एक साथ' अभियान में किया श्रमदान, कचरा एकत्र कर किया निस्तारण

एनसीसी कैडेट्स ने स्टेडियम में चलाया सफाई अभियान

- सफाई केवल कार्य नहीं, बल्कि हमारे संस्कारों का हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) महानिदेशालय के विशेष दिशा-निर्देशों के तहत 1 अक्टूबर को राष्ट्रव्यापी 'एक घंटा, एक साथ' स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसी कड़ी में जाट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कैथल के एनसीसी कैडेट्स, विद्यार्थियों और शिक्षकों ने अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 8 बजे स्वच्छता शपथ के साथ हुआ। विद्यालय के एनसीसी एएनओ और अध्यापकों की मौजूदगी में एनसीसी कैडेट्स व विद्यार्थियों ने स्वच्छता की शपथ ली। कैडेट्स ने स्वयं स्वच्छता अपनाने, आसपास के वातावरण को साफ रखने और अन्य लोगों को भी स्वच्छता अभियान से जोड़ने का संकल्प लिया।

शपथ के बाद सभी एनसीसी कैडेट्स महाराजा सूरजमल जाट स्टेडियम पहुंचे। एनसीसी महानिदेशालय के निर्देशानुसार स्टेडियम परिसर को सफाई अभियान के लिए चिन्हित किया गया था। सुबह 8 से 9 बजे तक चले श्रमदान अभियान में करीब 70 एनसीसी कैडेट्स ने स्टेडियम परिसर, खेल मैदान, दर्शकों के बैठने के स्थान और आसपास के क्षेत्रों की सफाई की।

कैडेट्स ने सूखा व गीला कचरा, प्लास्टिक की बोतलें और पॉलीथिन एकत्र कर उनका उचित निस्तारण किया। अभियान में एएनओ मुनीश नैन, पीटीआई रामेहर और सुरेंद्र नैन ने भी कैडेट्स के साथ श्रमदान किया और उनका मार्गदर्शन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेश कुमार ने कहा कि स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। ऐसे अभियानों से विद्यार्थियों में नागरिक कर्तव्यों की भावना विकसित होती है। जाट हाई स्कूल सोसाइटी के प्रधान राजकुमार बेनीवाल ने कहा कि सफाई केवल एक कार्य नहीं, बल्कि हमारे संस्कारों का हिस्सा है।



कैथल। महाराजा सूरजमल जाट स्टेडियम में 'एक घंटा, एक साथ' स्वच्छता अभियान के दौरान श्रमदान करते जाट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स व विद्यार्थी। *फोटो: हरिभूमि*

इनकी रही मौजूदगी

एएनओ मुनीश नैन ने कहा कि ऐसे अभियानों से युवाओं में राष्ट्र सेवा, स्वच्छता और नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता बढ़ती है। कार्यक्रम में जाट हाई स्कूल सोसाइटी के उपप्रधान बलजिंदर बनवाला, महासचिव एडवोकेट रश्मि सिंह ढुल, कोषाध्यक्ष बलकार नैन तथा कार्यकारिणी सदस्य डॉ. सत्यवान माजरा, दलवीर कैरो, महावीर रविश, राजपाल गुहना, सन्नी चौशाला, महावीर कुंडू, विक्रम सोंगल, कुलदीप सिंह, रजत रापड़िया, स्वतंत्र पाल सिंह और जसवीर मानस मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

पराली जलाने की घटनाओं पर लगाएं प्रभावी रोक : एसडीएम

कैथल। एसडीएम अजय हुड्डा ने कहा कि खरीफ सीजन के दौरान फसल अवशेष जलाने की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने के लिए व्यापक निगरानी एवं जागरूकता अभियान चलाया जाए। अधिकारी अपने निर्धारित गांवों में नियमित रूप से दौरा कर किसानों से संपर्क करें और उन्हें फसल अवशेष न जलाने के लिए जागरूक करें। एसडीएम अजय हुड्डा वीरवार को अपने कार्यालय में संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दे रहे थे।

रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा : डॉ. सुनील

कैथल। जिला रेडक्रॉस सचिव रामजी लाल ने बताया कि राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस, दिव्यांग बच्चों की सहायतार्थ संचालित हॉलीपथ स्कूल डोगरा गेट कैथल एवं रेडक्रॉस भवन कैथल में नशा मुक्ति जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के पावन अवसर पर वीरवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कैथल के प्रांगण में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के महासचिव डॉ. सुनील कुमार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि रक्तदान केवल एक दान नहीं, बल्कि मानवता की सबसे बड़ी सेवा है।

सामुदायिक सहभागिता एवं पोषण पर दिया जोर

कैथल। महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यक्रम अधिकारी सपना ने बताया कि विभाग द्वारा सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत ब्लॉक कैथल ग्रामीण एवं सीवन के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों पर आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के तृतीय चरण के प्रथम दिवस का मुख्य विषय सामुदायिक सहभागिता एवं पोषण रहा। इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों पर समुदाय की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने तथा महिलाओं एवं बच्चों को पोषण, स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं।

डीजी हेल्थ ने किया नागरिक अस्पताल का निरीक्षण

नागरिक अस्पताल में सफाई की कमी दिखी, लैब में जमा थी मिट्टी

अस्पताल में साफ-सफाई को लेकर स्वास्थ्य अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। जींद के स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ निरीक्षण करते हुए डीजी हेल्थ डॉ. अनिल बिरला। फोटो : हरिभूमि

स्वास्थ्य विभाग के डीजी हेल्थ डा. अनिल बिरला वीरवार को जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल के औचक निरीक्षण पर पहुंचे। उन्होंने अस्पताल अधिकारियों के साथ पुरानी बिल्डिंग में इमरजेंसी, लैब, इलेक्ट्रिक रूम सहित लॉबी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई की कमी को लेकर डीजी हेल्थ ने स्वास्थ्य अधिकारियों से जवाब-तलबी की। अधिकारियों ने तुरंत सफाई करवाने की बात कही। जिस पर डीजी हेल्थ ने सफाई का नियमित तौर पर ध्यान रखने के निर्देश दिए। वहीं लैब में कई तरह की खामियां भी मिलीं, जिनको ठीक करवाने के निर्देश दिए गए। इस दौरान डीजी हेल्थ ने स्पष्ट कहा कि अस्पताल में काफी सुधार की जरूरत है। हालांकि डीजी हेल्थ के आने की सूचना मिलने पर नागरिक अस्पताल प्रशासन आनन-फानन में एक से दो घंटे में कई तैयारियां करवाईं। सभी चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी वर्दी में नजर आए।

बैठक कर अधिकारियों से जानीं सुविधाएं

स्वास्थ्य विभाग के डीजी हैल्थ डा. अनिल बिरला ने कहा कि अस्पताल में मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए चिकित्सकों के साथ बैठक की है। साफ-सफाई को लेकर विशेष दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

अस्पताल के इंफ्रास्ट्रक्चर व स्वच्छता को जांचा

स्वास्थ्य विभाग के डीजी हेल्थ डॉ. अनिल बिरला वीरवार को अचानक से अस्पताल के निरीक्षण पर पहुंचे। उन्होंने अस्पताल के इंफ्रास्ट्रक्चर (साजोसामान) व स्वच्छता को लेकर विशेष निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ प्रधान चिकित्सा अधिकारी डॉ. रघुवीर पूनिया, डिप्टी सीएमओ डॉ. पालेराम कटारिया व नर्सिंग अधिकारी साथ रहे। डीजी हेल्थ लैब में पहुंचे तो यहां सफाई, फ्लोरिंग, कार्यशैली को लेकर जवाब-तलबी की। लैब के साथ ही दरवाजे पर मिट्टी जमी मिली। जिस पर उन्होंने सवाल उठाया। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य विभाग का केवल यही फोकस है कि अस्पताल में आने वाले लोगों व मरीजों को अधिक से अधिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाई जा सकें। लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं के लिए भटकना न पड़े, इसको लेकर लगातार कार्रवाई की जा रही है। डीजी हेल्थ ने स्वास्थ्य अधिकारियों से वार्डों में मिलने वाली सुविधाओं की भी जांच पड़ताल की। उन्होंने मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए चिकित्सकों के साथ बैठक भी की। इसमें मरीजों व उनके तामीरदारों से अच्छा व्यवहार करना और मरीज का हौसला बढ़ाने की सलाह दी। इसके अतिरिक्त अस्पताल में जिन संसाधनों की कमी है, उनको पूरा करवाने के लिए कहा। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में इमरजेंसी व पुराने भवन का दौरा किया। अस्पताल में डीजी हेल्थ के आने की पूर्व में सूचना होने के चलते सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद कर दी गई थी।

रिटायर्ड कर्मचारी अधिकारी वेलफेयर एसो. की ब्लॉक इकाई के चुनाव कल

- जींद शहर व ग्रामीण क्षेत्र के सेवानिवृत्त कर्मचारी लेंगे भाग, तीन वर्ष के लिए गठित होगी नई कार्यकारिणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

रिटायर्ड कर्मचारी, अधिकारी वेलफेयर एसोसिएशन की जींद ब्लॉक की शहरी एवं ग्रामीण इकाई के त्रिवार्षिक चुनाव तीन अक्टूबर को जाट धर्मशाला जींद में करवाए जाएंगे। चुनाव प्रक्रिया सुबह 11 बजे शुरू होगी। चुनाव में जींद शहर के अलावा ब्लॉक जींद के तहत आने वाले गांवों के सेवानिवृत्त कर्मचारी भाग लेंगे। चुनाव के माध्यम से आगामी तीन वर्ष के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा।



जींद। जानकारी देते हुए एसोसिएशन के प्रधान किताब सिंह भनवाला।

एसोसिएशन के प्रधान किताब सिंह भनवाला और महासचिव जगदीश चंद्र पांचाल ने बताया कि संगठन की त्रिवार्षिक चुनाव प्रक्रिया के तहत जींद ब्लॉक की शहरी एवं ग्रामीण इकाई का चुनाव निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि चुनाव को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और संबंधित सेवानिवृत्त कर्मचारियों से इसमें भाग लेने की अपील की गई है। किताब सिंह भनवाला ने बताया कि अक्टूबर माह के दौरान एसोसिएशन की सभी ब्लॉक इकाइयों के चुनाव संपन्न करवाने का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। सभी ब्लॉकों में नई कार्यकारिणियों के गठन के बाद सेवानिवृत्त कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर आगामी आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

25 मरीज मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए अग्रोहा रवाना

पूंडरी। सांसद नवीन जिंदल के स्वस्थ कुरुक्षेत्र, खुशहाल कुरुक्षेत्र संकल्प के तहत नवीन जिंदल फाउंडेशन की ओर से पूंडरी विधानसभा क्षेत्र के 25 मरीजों को निःशुल्क मोतियाबिंद सर्जरी के लिए महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, अग्रोहा के लिए रवाना किया गया। फाउंडेशन की ओर से मरीजों के उपचार की व्यवस्था निःशुल्क की गई है।

नवीन जिंदल फाउंडेशन स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में ग्रामीण और जरूरतमंद लोगों तक चिकित्सा सुविधाएं पहुंचाने की पहल चला रहा है। सांसद कार्यालय कैथल के प्रभारी रविंद्र धीमान और हलका प्रभारी अरविंद गोलन ने बताया कि नवीन जिंदल फाउंडेशन के कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र सशक्तिकरण अभियान के तहत मोतियाबिंद से पीड़ित जरूरतमंद मरीजों की पहचान कर उन्हें उपचार और सर्जरी के लिए अग्रोहा भेजा जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस पहल के तहत अब तक 100 मरीजों की निःशुल्क मोतियाबिंद सर्जरी कराई जा चुकी है। इसके बाद गुरुवार को 25 मरीजों को सर्जरी के लिए अग्रोहा रवाना किया गया। अभियान का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को समय पर नेत्र चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाना है, ताकि आर्थिक परेशानी के कारण उनका उपचार प्रभावित न हो। अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में निःशुल्क उपचार की ऐसी पहल के माध्यम से जरूरतमंद मरीजों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

न्यूज डायरी

सांस्कृतिक गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण : डॉ. बाबा वजराला

उचाना। राजीव गांधी महाविद्यालय उचाना के सभागार में बुधवार को 20वीं प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया । मुख्य अतिथि बीरेंद्र सिंह कॉलेज ऑफ नर्सिंग के प्राचार्य डॉ. बाबा वजराला रहे, जबकि अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. जगत वीर सहरावत ने की। डॉ. वजराला ने कहा कि शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियां भी व्यक्ति के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। निर्णायक मंडल में हरियाणवी पॉप सिंगर पीएस पॉलिशट, नृत्य निर्देशक कुलदीप तथा हरियाणवी नाटक एवं रंगमंच के निर्देशक उदय सिंह ने निर्णायक की भूमिका निभाई। मंच संचालन डॉ. प्रीति ने किया। इस अवसर पर सीनियर लेक्चरार डॉ. राजेश श्योकंद, डॉ. उपेश मलिक, हरिओम, प्रोफेसर लाल सिंह, नरेंद्र, प्रवीण, मोनिका, ऋतिका, रेणु, अंजलि, प्रेरणा, रिंकू, अनिल कुमार सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। वहीं, भाषण प्रतियोगिता में बीए द्वितीय वर्ष की निहारिका ने प्रथम, रितेश ने द्वितीय तथा अनु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कविता पाठ में निहारिका प्रथम, अनु द्वितीय और स्नेह तृतीय रही। गायन में स्नेहा प्रथम, काजल द्वितीय और अनु तृतीय स्थान पर रही। नृत्य में बीए की अंजलि ने प्रथम, रेमन ने द्वितीय और आईना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली में सलोनी की टीम प्रथम, ऋतिका की टीम द्वितीय और शिक्षा की टीम तृतीय रही। पोस्टर मेकिंग में निशा ने प्रथम, वंदना ने द्वितीय और सीटू ने तृतीय स्थान हासिल किया।



उपमंडल कार्यालय में लगे सेवा सेतु कैंप में उमड़ी भीड़

उचाना। उपमंडल कार्यालय परिसर में सेवा संकल्प अभियान के तहत एक दिवसीय सेवा सेतु कैंप का आयोजन किया गया। एसडीएम सुमन यादव (आईएएस) ने शिविर में पहुंचकर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का जायजा लिया और अधिकारियों-कर्मचारियों से विभागीय योजनाओं एवं लोगों को दी जा रही सेवाओं की जानकारी ली। कैंप में सबसे अधिक भीड़ परिवार पहचान पत्र के स्टॉल पर देखने को मिली। यहां बड़ी संख्या में लोग फैमिली आईडी में दर्ज त्रुटियों को ठीक करवाने के लिए पहुंचे। एसडीएम सुमन यादव ने कहा कि सेवा सेतु कैंप में करीब 20 विभागों के अधिकारी और कर्मचारी पहुंचे। इस मौके पर सेवा सेतु कैंप उचाना की कॉर्डिनेटर सतीशा देवी, बीडीपीओ शमशेर नैन, डॉ. योगेश शर्मा, सीडीपीओ कांता यादव, मनोज सुदकैन, सत्यवान दुर्जनपुर और प्रमोद श्योकंद सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।





तमन्ना और तनु के नृत्य ने जीता सबका मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

राजकीय महिला महाविद्यालय में छात्राओं की प्रतिभा को पहचानने, निखारने एवं उन्हें उचित मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित दो दिवसीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का गुरुवार को उत्साह, उमंग एवं सांस्कृतिक रंगों से सराबोर वातावरण में भव्य समापन हुआ।

प्रतियोगिता के अंतिम दिन एकल नृत्य, रंगोली, हरियाणवी पारंपरिक एवं हरियाणवी समूह नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता और सांस्कृतिक विरासत की शानदार झलक प्रस्तुत की। समापन समारोह में हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने मुख्यअतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्यअतिथि ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में छात्राओं द्वारा प्रस्तुत कला का अवलोकन किया तथा उनकी प्रतिभा, आत्मविश्वास और रचनात्मकता की सराहना की। डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने छात्राओं को जीवन में निरंतर आगे बढने तथा अपनी प्रतिभा को सकारात्मक दिशा देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विशेष रूप से माता-पिता के प्रति प्रेम,सम्मान और कृतज्ञता की भावना को जीवन का महत्वपूर्ण आधार बताया। उन्होंने कहा कि माता-पिता से बढ़कर जीवन में कोई नहीं होता। उन्होंने मां पद्मावती के त्याग एवं बलिदान का उदाहरण देते हुए छात्राओं को अपने संस्कारों, आत्मसम्मान और जीवन मूल्यों के प्रति सदैव दृढ़ रहने का संदेश दिया। प्राचार्य रणधीर सिंह ने मुख्यअतिथि का स्वागत किया। सांस्कृतिक समिति के संयोजक रवि कुमार व कार्यक्रम के संयोजक डॉ. राजेश बूरा ने प्रतियोगिता के सफल एवं सुव्यवस्थित संचालन में सहयोग देने वाले सभी सदस्यों की सराहना की।



जींद। राजकीय महिला महाविद्यालय में हरियाणवी नृत्य की प्रस्तुति देते हुए छात्राएं।

यह रहे परिणाम

रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम भूमि, एकल नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम तमन्ना, द्वितीय तनु व तृतीय ममता रही। हरियाणवी पारंपरिक प्रतियोगिता में प्रथम तनु, द्वितीय प्रियंका, तृतीय मंजुला, हरियाणवी समूह नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम प्रियंका एवं समूह रहा। दो दिनों तक चले इस प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में छात्राओं ने कला, संस्कृति, रचनात्मकता और आत्मविश्वास का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता ने न केवल छात्राओं की प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया बल्कि उन्हें अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़नेए अपनी क्षमताओं को पहचानने और उन्हें नए आयाम देने का अवसर भी प्रदान किया।

हिंदू कन्या महाविद्यालय में छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

जींद। हिंदू कन्या महाविद्यालय में टैलेंट शो एवं एलुमनाई ऑनर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डा. पूनम मोर, भूतपूर्व छात्रा एवं महाविद्यालय की पूर्व प्राचार्या डा. पुष्पा मित्तल तथा कार्यक्रम संयोजिका डा. क्यूटी और सहसंयोजिकाओं नीलम एवं आरती सैनी ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के युवा एवं सांस्कृतिक विभाग के निर्देशन में आयोजित प्रतिभा खोज कार्यक्रम के प्रथम चरण में कविता, भाषण, प्रश्नोत्तरी, फोटोग्राफी, रंगोली, पेंटिंग, नृत्य, हरियाणवी पारंपरिक पहनावा, अभिनय, वादन एवं गायन सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। द्वितीय चरण में नृत्य प्रतियोगिता में छात्राओं ने आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। निर्णायक मंडल में महाविद्यालय की भूतपूर्व छात्राएं हिमानी गुप्ता एवं आराधना शर्मा शामिल रही। इसके बाद प्राचार्या डा. पूनम मोर ने भूतपूर्व छात्राओं को अंगवस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। प्रश्नोत्तरी में टीम ए प्रथम, टीम बी द्वितीय और टीम डी तृतीय रही। फोटोग्राफी में कुसुम प्रथम, रीतिका द्वितीय और यशस्वी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली में आशा, यशस्वी व कुसुम, पेंटिंग में पारुल, खुशबू व आशा, कविता में पलक, साक्षी व हरकीरत तथा भाषण में पायलए रिया व अनुष्का विजेता रहीं। वाद्य यंत्र प्रतियोगिता में किरण, निशा व मुस्कान, गायन में सानिया, किरण व निशा तथा मोनो में भगवती, निशा व अनुष्का ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल किया। हरियाणवी पारंपरिक पहनावा प्रतियोगिता में पलक, रिंशुल व कोमल विजेता रही। नृत्य प्रतियोगिता में रिया, राधिका एवं गिरिशा ने प्रथम तीन स्थान प्राप्त किए।



अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर डूमरखां में स्वास्थ्य संबंधी जांच की दी जानकारी

जींद। बढ़ती उम्र के साथ शरीर में होने वाले बदलावों को नजरअंदाज करने के बजाय समय-समय पर स्वास्थ्य जांच करवाना जरूरी है। स्वस्थ एवं गरिमापूर्ण वृद्धावस्था के लिए नियमित जांच, संतुलित आहार, शारीरिक गतिविधि और समय पर उपचार को जीवनशैली का हिस्सा बनाना चाहिए। इसी संदेश के साथ अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) डूमरखां खुर्द में स्वास्थ्य विभाग जींद की ओर से विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य संबंधी जांच, उपचार, नियमित फॉलोअप और सरकार की ओर से उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सिविल सर्जन डा. सुमन कोहली, डिप्टी सीएमओ डा. विजेंद्र ढांडा तथा जिला कार्यक्रम समन्वयक (एनसीडी) डा. संजीत सिंह मांडी मौजूद रहे। कार्यक्रम का आयोजन पीएचसी डूमरखां खुर्द के चिकित्सा अधिकारी एवं प्रभारी डा. मुनीश कुमार ने किया। इस मौके पर डा. हीना, डा. दीक्षा, एलएमओए डा. मनदीप, नर्सिंग ऑफिसर सीमा, राजबाला सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद रहे। डूमरखां कलां के सरपंच राहुल गोल्डी, डूमरखां खुर्द के सरपंच प्रतिनिधि रणधीर और तारखां के सरपंच मोहन सहित अन्य गणमान्य लोगों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया।



जींद। कार्यक्रम में मौजूद सिविल सर्जन डा. सुमन कोहली व अन्य अधिकारी।

समाधान शिविर के दौरान एसडीएम ने सुनीं शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला-चीका

वीरवार को एसडीएम कार्यालय गुहला में समाधान शिविर के दौरान एसडीएम मनीष कुमार यादव ने क्षेत्रवासियों की शिकायतें व समस्याएं सुनी। उन्होंने मौजूद अधिकारियों से मौके पर ही कई शिकायतों का निपटान करवाया। साथ ही उन्होंने पुरानी शिकायतों के बारे में अधिकारियों से फीडबैक ली। एसडीएम ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे अपने विभाग से संबंधित समाधान शिविर पोर्टल, सीएम विंडों तथा जन संवाद पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का निपटान जल्द करना सुनिश्चित करें। इस कार्य में लापरवाही न बरतें।

एसडीएम ने आमजन से आह्वान करते हुए कहा कि यह समाधान शिविर प्रत्येक कार्य दिवस में दिन सोमवार व वीरवार को एसडीएम कार्यालय में 10 बजे से 12 बजे तक आयोजित किए जा रहे है। आमजन अपनी शिकायतों के समाधान के लिए इन शिविरों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। इस अवसर पर एसडीओ राहुल यादव, एसडीओ इंद्रराज पंवार, एसईपीओ चंचल, जोनल मैनेजर भूपेंद्र सिंह, ऐमिनेट पर्सन प्रदीप वर्मा व रमेश सैनी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मुख्य रूप से मौजूद रहे।



गुहला चीका। एसडीएम मनीष कुमार यादव समाधान शिविर के दौरान आमजन की शिकायतें सुनते हुए।

नवीन जिंदल फाउंडेशन की वैन से 164 लोगों ने उठाया निशुल्क स्वास्थ्य लाभ

गुहला-चीका। सेवा संकल्प अभियान के तहत नवीन जिंदल फाउंडेशन की ओर से संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट संजय बस्ती और बेगा बस्ती में पहुंची। यहां निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाकर लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। सांसद कार्यालय कैथल के प्रभारी रविंदर धीमान ने बताया कि मोबाइल मेडिकल यूनिट में डॉ. बलिंद्र संधू और उनकी टीम ने लोगों की जांच कर स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया। इसके बाद जरूरत के अनुसार निशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। इस दौरान रक्त और यूरिन की जांच भी की गई। उन्होंने बताया कि मेडिकल यूनिट में 156 लोगों को स्वास्थ्य परामर्श और जांच के बाद निशुल्क दवाइयां दी गईं, जबकि 8 लोगों के रक्त एवं यूरिन के परीक्षण किए गए। इस प्रकार कुल 164 लोगों ने शिविर का लाभ उठाया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष संजीव मित्तल, महामंत्री रामकुमार शर्मा, पार्षद रेखा रानी, पार्षद राजेश ठाकुर, पार्षद हरीश कुमार, सुरता राम शर्मा, पवन गुर्जर, रिंकू पठानिया, अमित जिंदल, वेद प्रकाश कंबोज, राजपाल, रवि कुमार, संतोष देवी, किरण बाला तथा हल्का प्रभारी कर्मबीर सिसोदिया सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



गुहला-चीका। स्वास्थ्य जांच शिविर के दौरान नवीन जिंदल फाउंडेशन की मोबाइल मेडिकल यूनिट के साथ मौजूद चिकित्सक, भाजपा नेता एवं लाभार्थी।

संजीव राजौद ब्लॉक के संयोजक बने



संजीव कुमार



सुनील कुमार

राजौंद। नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के पूर्व प्रधान संजीव कुमार को सामाजिक एवं जनहितैषी संगठन 'नई पहल नया सवेरा' टीम में राजौंद ब्लॉक का संयोजक नियुक्त किया गया है। वहीं, हरियाणा रोडवेज से सुनील कुमार परिचालक को राजौंद ब्लॉक का सह-संयोजक बनाया गया है। इस मनोनयन पर बधाई देते हुए अजय बेदी ढांड ने कहा कि संजीव कुमार और सुनील कुमार के इस टीम में शामिल होने से संगठन को धरातल पर मजबूती मिलेगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295154800, 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

इंडस पब्लिक स्कूल में गांधी व शास्त्री जयंती का भव्य आयोजन

सत्य, अहिंसा, स्वच्छता व सादगी के सिद्धांतों पर चलने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद





जींद। इंडस पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते हुए बच्चे। फोटो :हरिभूमि

इंडस पब्लिक स्कूल जूनियर विंग में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती बड़े ही श्रद्धा, सम्मान और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर नर्सरी से कक्षा द्वितीय तक के विद्यार्थियों के लिए विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से दोनों महान विभूतियों के जीवन, आदर्शों और योगदान को याद किया। विद्यार्थियों को महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा, स्वच्छता और सादगी के सिद्धांतों तथा लाल बहादुर शास्त्री के ईमानदारी, सादगी, देशभक्ति और कर्तव्यनिष्ठा के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। बच्चों ने इन महान नेताओं के जीवन से प्रेरणा लेते हुए भाषण, कविताएं और विचार प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों के समक्ष राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन की रोचक घटनाओं को प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में बच्चों को महात्मा गांधी के प्रसिद्ध विचारों तथा लाल बहादुर शास्त्री के प्रेरणादायक नारे जय जवान-जय किसान के महत्व से भी अवगत कराया गया। मुख्याध्यापिका गुरमीत कौर ने कहा कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री का जीवन हमें सत्य, अहिंसा, सादगी, ईमानदारी और राष्ट्र सेवा की प्रेरणा देता है। उनके आदर्शों को अपना कर बच्चे एक जिम्मेदार, अनुशासित और संवेदनशील नागरिक बन सकते हैं। विद्यालय परिवार ने इस पावन अवसर पर दोनों महान नेताओं को श्रद्धांजलि अर्पित की।

एनसीसी कैडेट्स ने चलाया स्वच्छता अभियान

जींद। भारत सरकार के स्वच्छ भारत मिशन के तहत इंडस पब्लिक स्कूल पिल्लूखेड़ा की एनसीसी इकाई द्वारा स्वच्छता अभियान का सफल आयोजन किया गया। इस अभियान में विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। कैडेट्स ने विद्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्र में साफ.-सफाई की और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन सुरेंद्र मडोत्रा ने कैडेट्स के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के अभियान विद्यार्थियों में अनुशासन, सामाजिक जिम्मेदारी और राष्ट्रसेवा की भावना को प्रबल करते हैं। उन्होंने सभी कैडेट्स को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

